02.04.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पर चर्चा जारी–अल्पसंख्यक कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा–सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है।

○ वनमंत्री संजय शर्मा ने कहा–मध्यप्रदेश और उत्तराखंड से राज्य में बाघिनों को लाने की तैयारी।

○ राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने राज्य में 28 विभागों के 13 हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां निकालीं।

○ चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मौसमी बीमारियों और तापघात की आशंका को देखते हुए अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

000

लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 पर चर्चा जारी है। संयुक्त संसदीय समिति इस विधेयक को पहले ही मंजूर कर चुकी है। विधेयक आज विचार और पारित करने के लिए लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है। श्री रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्डों का पूरा प्रबंधन राज्य सरकारों द्वारा किया जाएगा।

............

केन्द्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह कानून मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है। श्री रिजिजू ने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार, वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों, महिलाओं और गैर–मुस्लिमों और अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। इसे उम्मीद नाम दिया गया है।

............

श्री रिजिजू ने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति के साथ–साथ सरकार ने भी कानून बनाते समय हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श किया था। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सरकार पर यह विधेयक लाकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है। श्री गोगोई ने कहा कि मौजूदा अधिनियम में संशोधन से और समस्याएं पैदा होंगी।

............

इससे पहले, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह विधेयक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार–विमर्श के बाद लाया गया है और इसे मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। विधेयक पर लोकसभा में चर्चा जारी है।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि डेढ़ साल के भीतर सभी रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। आज लोकसभा में श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं।

............

000

वन मंत्री संजय शर्मा आज कोटा दौरे पर रहे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश और उत्तराखंड से जल्द ही राज्य में टाइगर लाने की राह खुलेगी।

...........

जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी आज डूंगरपुर दौरे पर रहे। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की और विभागीय अधिकारियों को मिशन के काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिये।

उधर, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत पाली जिले के सुमेरपुर पहुंचे। उन्होंने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिये। श्री कुमावत ने सांडेराव में पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण भी किया।

दिल्ली स्थित मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान के महानिदेशक सुजान आर चिनॉय ने आज भारत–पाक सीमा का दौरा किया। उन्होंने जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल के जवानों और महिला प्रहरियों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफजाई की। महानिदेशक ने बीएसएफ के अधिकारियों से अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने बीएसएफ के हथियारों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने राज्य में 28 विभागों के 13 हजार से ज्यादा पदों पर भर्तियां निकाली हैं। इसके लिए पात्र उम्मीदवार बोर्ड की वेबसाइट पर एक मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभिन्न पदों पर बारहवीं कक्षा से लेकर स्नातक तक के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद कंप्यूटर आधारित परीक्षा से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। यह सभी भर्तियां संविदा आधारित होंगी। बोर्ड इनके लिए जून महीने में भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा। दो जून से शुरू होने वाली ये परीक्षाएं बारह जून तक चलेंगी।

000

राजस्थान पुलिस ने प्रदेश में गुमशुदा बच्चों की तलाश के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। एक महीने तक चलने वाले ऑपरेशन खुशी अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों को ढूंढ कर उनके परिवार को सौंपा जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए थानेवार टीमों का गठन किया गया है और जिलों की साइबर सेल से भी सहयोग लिया जा रहा है।

...........

000

प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार कल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इससे जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में बादल छाए रहने और कहीं–कहीं गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इस बीच, अधिकतर स्थानों पर गर्मी का असर फिर बढ़ गया है। बीते 24 घंटों में बाडमेर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया। जालौर, जोधपुर, जैसलमेर और चित्तौडगढ में भी दिन का तापमान 38 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। पांच अप्रेल से बाडमेर और जैसलमेर सहित कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है।

इस बीच, गर्मी की शुरूआत के साथ ही चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने वीसी के माध्यम से चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े आला अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मौसमी बीमारियों के मरीजों में बढोतरी और तापघात की आशंका को देखते हुए अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

000

नवरात्र, मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की उपासना का पर्व है। मां दुर्गा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। चैत्र नवरात्र को आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति का समय माना जाता है। आज का दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप, सिंहवाहिनी स्कन्दमाता की आराधना को समर्पित है।

............

000

जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी ने दो नगर परिषद तथा तेरह नगर पालिकाओं के परिसीमांकन और पुनर्गठन प्रस्तावों पर आमजन से आपत्ति और सुझाव आमंत्रित किये हैं। ये 11 अप्रेल तक जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय और संबंधित उपखंड अधिकारी कार्यालय में दर्ज कराई जा सकते हैं। इनमें शाहपुरा और चौमूं नगर परिषद तथा सांभरलेक, फुलेरा, नरैना, बगरू, वाटिका, मनोहरपुर, फागी, चाकसू, बस्सी, जोबनेर, किशनगढ़–रेनवाल, दूदू और जमवारामगढ़ शामिल हैं।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में आवेदन की अंतिम तिथि बढाई गई है। विभाग के निदेशक बचनेश अग्रवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता और पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर को 21 अप्रेल तक अपडेट किया जा सकता है। वहीं उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लिए 30 अप्रेल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस की टीमें आमने–सामने होंगी। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में ये मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम चार अंकों और नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।

000